Daily Current Affairs 01 December 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. WHO ने मंकीपॉक्स का नाम बदलकर एमपॉक्स कर दिया
• 28 नवंबर, 2022 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने मंकीपॉक्स का नाम बदलकर 'एमपॉक्स' (mpox) कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार करीब एक साल तक दोनों नामों का इस्तेमाल किया जाएगा और फिर मंकीपॉक्स को चरणबद्ध तरीके से हटा दिया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बयान जारी कर कहा कि जब इस साल की शुरुआत में मंकीपॉक्स का प्रकोप बढ़ा, तो नस्लवादी और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए देखा गया। WHO को इसकी सूचना दी गई। इस पर चिंता जताते हुए कई देशों ने WHO से इस बीमारी का नाम बदलने को कहा था।

2. दीपा मलिक नि-क्षय मित्र और टीबी मुक्त भारत अभियान की राष्ट्रीय दूत बनीं
• पद्म श्री, खेल रत्न और अर्जुन अवार्ड विजेता दीपा मलिक को टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए नि-क्षय मित्र (Ni-Kshay Mitra) और राष्ट्रीय राजदूत नामित किया गया है। मैदान, नई दिल्ली में चल रहे 41वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मंडप में टीबी जागरूकता गतिविधियों में भाग लिया। दीपा मलिक भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता और भारत की पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष हैं।

3. हिमालयी याक को फूड एनिमल के रूप में मिली मंजूरी
• भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा हिमालयी याक को एक खाद्य जानवर (फूड एनिमल) के रूप में मंजूरी दी गई है। यह मंजूरी पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) द्वारा की गई सिफारिश के बाद मिली है। इस तरह के वर्गीकरण से उच्च ऊंचाई वाले गोजातीय जानवरों की आबादी में गिरावट को रोकने में मदद मिलने की उम्मीद है।

4. खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने नैनीताल में Re-Hab परियोजना का किया उद्घाटन
• हाल ही में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) के अध्यक्ष ने उत्तराखंड के नैनीताल के वन परिक्षेत्र में महत्वाकांक्षी Re-Hab परियोजना का उद्घाटन किया है। इस परियोजना का पूरा नाम Re-Hab (Reducing Human Attacks using Honey Bees) है। इस मौके पर उन्होंने नैनीताल के चौसला गांव में ग्रामीणों को 330 मधुमक्खी बक्सों, शहद निकालने वालों को मधुमक्खी कालोनियों और टूलकिट का वितरण भी किया।

5. हवाई आइलैंड में दुनिया के सबसे बड़े ज्वालामुखी मौना लोआ में हुआ विस्फोट
• दुनिया का सबसे बड़ा सक्रिय ज्वालामुखी हवाई का मौना लोआ में लगभग 40 साल बाद विस्फोट हुआ है। यूएस जियोलॉजिकल सर्विस ने स्थिति को 'चेतावनी' में अपग्रेड किया है जो ज्वालामुखी विस्फोट के लिए उच्चतम वर्गीकरण है। वर्तमान में लावा का प्रवाह ज्यादातर शिखर के भीतर समाहित है, लेकिन निवासियों को अलर्ट पर रखा गया है।

6. गैसलाइटिंग बना वर्ड ऑफ द ईयर 2022
• दुनिया की जानी मानी पब्लिशर मरिएम वेबस्टर ने गैसलाइटिंग (Gaslighting) को वर्ष 2022 के लिए वर्ड ऑफ ऑफ द ईयर घोषित किया है। हाल के वर्षों में इस शब्द का खूब इस्तेमाल हुआ है। मरिएम वेबस्टर की वेबसाइट पर वर्ष 2022 के दौरान शब्दों की संख्या में पिछले साल के मुकाबले 1740 फीसदी इजाफा हुआ है।

7. भारत अगले महीने संयुक्त राष्ट्र में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करेगा

Resultuniraj.co.in

Daily Current Affairs 01 December 2022

• 14 दिसंबर, 2022 को भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता के दौरान संयुक्त राष्ट्र में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करेगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक महीने की भारत की अध्यक्षता के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर की उपस्थिति में 14 दिसंबर को अनावरण किया जायेगा।प्रतिमा को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के विस्तारित उत्तरी लॉन में रखा जाएगा। भारत की ओर से भेंट की गई यह पहली गांधी प्रतिमा होगी जिसे संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में स्थापित किया जाएगा।

8. भारत बायोटेक की आपातकालीन पहली नेजल कोविड वैक्सीन को मिली मंजूरी
• कोविड से बचाव के लिए नाक से दिये जाने वाले दुनिया के पहले टीके iNCOVACC को भारतीय औषधि महानियंत्रक ने कोविड बूस्टर खुराक के रूप में स्वीकृति दे दी है। 28 नवंबर, 2022 को भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके कोविड-19 इंट्रानेजल वैक्सीन iNCOVACC (BBV154) को भारत में 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के लिए 'प्रतिबंधित आपातकालीन उपयोग' के तहत केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) से मंजूरी मिल गई है।

9. भारत के पहले स्टार्टअप-ऑपरेटेड लॉन्चपैड और मिशन कंट्रोल सेंटर का किया गया उद्घाटन
• हाल ही में भारत के पहले स्टार्टअप-ऑपरेटेड लॉन्चपैड और मिशन कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में किया गया है। यह प्राइवेट रूप से डिज़ाइन और ऑपरेटेड लॉन्चपैड है। इसका विकास स्पेस स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस ने किया है।
• इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी-मद्रास में इनक्यूबेट किया गया यह स्टार्टअप इस साल के अंत से इस लॉन्चपैड से 'अग्निबाण रॉकेट' को लॉन्च करने की भी योजना बना रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने अग्निकुल लॉन्चपैड का उद्घाटन किया।

10, भारत एशिया पैसिफिक ब्रॉडकास्टिंग यूनियन महासभा 2022 की कर रहा मेजबानी
• प्रसार भारती, भारत का लोक सेवा प्रसारक 59वें एशिया पैसिफिक ब्रॉडकास्टिंग यूनियन (एबीयू) महासभा 2022 की मेजबानी कर रहा है। यह सम्मेलन 25 नवंबर को नई दिल्ली में शुरू हुआ और 30 नवंबर, 2022 तक जारी रहेगा। इस वर्ष की सभा का थीम 'सेवा करना' है, लोग: संकट के समय में मीडिया की भूमिका' है। इसके अंतर्गत कोविड संकट के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा और प्रसारण के सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श किया जाना है।

Resultuniraj.co.in